अग्रवाल महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में आज दिनांक 12 जनवरी, 2019 को यूथ रैड क्रॉस और रैड रिबन क्लब के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। इस दिन को स्वामी विवेकानन्द के जन्म दिवस पर मनाया जाता है। इस अवसर पर आमंत्रित मुख्य अतिथि श्री गंगा शंकर मिश्र, डिप्टी जनरल मैनेजर (रिटायर्ड), इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटिड, फरीदाबाद थे। महाविद्यालय के सभागार में उपस्थित लगभग 250 स्वयंसेवकों को अपने उद्‍बोधन में स्वामी विवेकानन्द के जीवन और दर्शन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि यह दिवस हमें प्रेरणा देता है और इतने महान व्यक्ति के जन्म दिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाना गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि यदि किसी महापुरूष को सच्ची श्रद्धांजली देनी है तो जरूरी है कि हम उनके बताए मार्ग पर चलें व उनके विचारों का अनुसरण करें। मुख्य वक्ता ने कहा कि समय प्रबंधन को सफलता की परीकाष्ठा को प्राप्त करने के लिए अनिवार्य है। युवा अपनी शक्ति को सही दिशा में लगाए व समानता व समरसता के भाव से कार्य करें व अपनी ऊर्जा को जातिवाद, धर्म आदि पर व्यर्थ न करें। इस अवसर पर HIV／AIDS विषय पर पोस्टर मेकिंग व नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के रैड रिबन क्लब के द्वारा किया गया और युवा रैड क्रॉस के 30 स्वयंसेवकों को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र भी वितरित किये गए। मुख्य अतिथि का स्वागत व मंच संचालन यूथ रैड क्रॉस के कोर्डिनेटर डॉ. जयपाल सिंह ने व धन्यवाद ज्ञापन श्री लवकेश ने किया। इस अवसर पर इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड, फरीदाबाद के श्री दीपक भारद्वाज (सीनियर मैनेजर प्रशासन एवं कल्याण विभाग) व रैड रिबन क्लब के अधिकारी श्रीमती नेहा गोयल व श्री देवेन्द्र भी उपस्थित थे।